दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Social Justice Union

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शनिवार 17 अगस्त 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक- 317

## आर्टिकल 370 इतना अच्छा था तो स्थाई क्यों नहीं किया, क्योंकि आप में हिम्मत नहीं थी

### » पीएम मोदी का विपक्ष पर वार



नईदिल्ली (आरएनएस)। देश गुरुवार को 73वें स्वतंत्रता दिवस मनाया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार सुबह लालकिले पर तिरंगा फहराया और देश को संबोधित किया. पीएम मोदी ने अपने भाषण में जनसंख्या विस्फोट, न्यू इंडिया मिशन, डिजिटल पेमेंट, जल संकट, एक देश एक विधान, एक देश एक चुनाव का जिक्र किया. साथ ही उन्होंने सेना को लेकर बड़ा ऐलान किया. पीएम मोदी ने कहा कि अब तीनों सेनाओं (आर्मी, नेवी और एयरफोर्स) के बीच तालमेल बैठाने के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ नाम से नया पद होगा. सेना के इतिहास में ये पद पहली बार बना है.

लाल किले से छठी बार देश को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज़ादी के बाद से अभी तक जिन्होंने देश को विकास में योगदान दिया है, उनको भी वह नमन करते हैं. पीएम ने अपने संबोधन में जम्मू-कश्मीर का जिक्र करते हुए कहा कि नई सरकार के गठन 10 हफ्ते के भीतर ही अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाकर सरदार वल्लभ भाई पटेल के सपनों को साकार करने काम किया गया है.

पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को खत्म करने पर बोलते हुए कहा कि सभी राजनीतिक दलों में कोई न कोई ऐसा व्यक्ति है, जो अनुच्छेद 370 के खिलाफ या तो प्रखर रूप से या फिर मुखर रूप से बोला. लेकिन जो लोग इसकी वकालत कर रहे हैं उनसे देश पूछ रहा है कि ये इतना जरूरी था, तो 70 साल से आर्टिकल 370 को स्थाई क्यों नहीं किया? क्यों इसे अस्थाई बना रखा था, क्योंकि आप में हिम्मत नहीं थी.

वहीं, तीन तलाक पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश की मुस्लिम बेटियां डर जिंदगी जी रही थीं. भले ही वो तीन तलाक का शिकार नहीं बनी हों, लेकिन उनके मन में डर रहता था. तीन तलाक को इस्लामिक देशों ने भी खत्म कर दिया था, तो हम क्यों नहीं कर सकते थे. अगर देश में दहेज, भ्रूण हत्या के खिलाफ कानून बना सकते हैं तो तीन तलाक के खिलाफ क्यों नहीं.

लालकिले से पीएम मोदी ने कहा कि हम सबका साथ-सबका विकास का मंत्र लेकर चले थे, लेकिन पांच साल में 5 साल में ही देशवासियों ने 'सबका विश्वास' के रंग से पूरे माहौल को रंग दिया.

पीएम मोदी ने कहा कि अभी तक हर दल की सरकार ने देश की भलाई के लिए कुछ न कुछ किया है, लेकिन अभी भी 50 फीसदी लोगों के घरों में पानी उपलब्ध नहीं है. लोगों को पीने के पानी के लिए कई तरहों की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है. प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार अब हर घर में जल की ओर कदम बढ़ा रही है. पीएम ने कहा कि जल जीनव मिशन के लिए साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये के बजट का बदोंबस्त किया गया है. इसके तहत जल संचय, समुद्री पानी का इस्तेमाल, वेस्ट वाटर का इस्तेमाल, कम पानी में खेती के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाई जाएगी.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### छठे स्वतंत्रता दिवस पर दिया गया पीएम मोदी का भाषण सबसे लंबे भाषणों में से एक

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले की प्राचीर से दिया गया भाषण अब तक के सबसे लंबे भाषणों में से एक था। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लगातार छठी बार दिए गए उनके भाषण की अवधि 95 मिनट थी। सार्वजनिक पटल पर उपलब्ध डेटा के मुताबिक स्वतंत्रता दिवस के मौके पर उन्होंने सबसे लंबा भाषण 2016 में दिया था जब वह करीब 96 मिनट बोले थे। पिछले साल उन्होंने 80 मिनट तक भाषण दिया था। वहीं 2017 में उनके भाषण की अवधि 56 मिनट रही और 2015 में 86 मिनट । प्रधानमंत्री के तौर पर 2014 में स्वतंत्रता दिवस के अपने पहले भाषण में मोदी ने करीब 65 मिनट तक बोला था।

### पहलू खान मामले में कोर्ट का फैसला चौंकाने वाला : प्रियंका



नईदिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को कहा कि पहलू खान मॉब लिंचिंग मामले में लोअर कोर्ट का फैसला चौंका देने वाला है। उन्होंने साथ ही कहा कि हमारे देश में अमानवीयता की कोई जगह नहीं होनी चाहिए और राजस्थान सरकार का मॉब लिंचिंग पर कानून बनाने का फैसला स्वागत योग्य है। उन्होंने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा, पहलू खान मामले में लोअर कोर्ट का फैसला चौंका देने वाला है। हमारे देश में अमानवीयता की कोई जगह नहीं होनी चाहिए और भीड़ द्वारा हत्या एक जघन्य अपराध है। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, राजस्थान सरकार द्वारा भीड़ द्वारा हत्या के खिलाफ कानून बनाने की पहल सराहनीय है। आशा है कि पहलू खान मामले में न्याय दिलाकर इसका अच्छा उदाहरण पेश किया जाएगा। अलवर में लोअर कोर्ट द्वारा पहलू खान मामले में सभी छह आरोपियों को बरी किए जाने के दो दिन बाद प्रियंका ने यह कहा है।

### बीच सड़क मां, पिता, पत्नी और बेटे को मारकर खुद भी मारी गोली



चामराजनगर (आरएनएस)। कर्नाटक के चामराजनगर में दिल दहला देने वाली घटना में एक शख्स ने बीच सड़क पर अपने पूरे परिवार की गोली मारकर हत्या कर दी. वारदात को अंजाम देने के बाद शख्स ने खुद को भी गोली मार ली. मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से पांच शव बरामद किए हैं. पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. यह घटना ऊटी रोड की बताई जा रही है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक मैसुरू के रहने वाले ओम प्रकाश ने अपने परिवार को घुमाने के लिए मैसुरू से लगभग 60 किलोमीटर दूर गुंडलूपेट में नंदी लॉज में एक कमरा बुक कराया था. यहां पर ओम प्रकाश का परिवार गुरुवार को पहुंचा था. शुक्रवार को वह लॉज के बाहर अपनी मां, पिता, पत्नी और बेटे के साथ घूमने गया था. बताया जाता है कि ये लोग लॉज से एक किलोमीटर दूर ही पहुंचे थे कि ओम प्रकाश ने अपनी रिवॉलवर निकाली और परिवार के लोगों पर तान दी. ओम प्रकाश ने परिवार के सभी लोगों को गोली मारी और फिर खुद को भी गोली मार ली. सुबह-सुबह बीच सड़क पर हुई इस घटना ने हर किसी को हैरान कर दिया है. सुबह के समय गोली की आवाज से हड़कंप मच गया. स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी. घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सभी की मौत हो चुकी थी. पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में प्रयोग की गई रिवॉल्वर भी बरामद कर ली है. पुलिस ने बताया कि अभी हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है. पुलिस ने मामला दर्जकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

## अब देश में होगा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ:मोदी

### » प्रधानमंत्री का बड़ा ऐलान



नईदिल्ली (आरएनएस)। 73वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए सुरक्षा को लेकर बड़ा ऐलान किया है. पीएम मोदी के मुताबिक अब देश में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ यानी सीडीएस होगा. यानी तीनों सेना की नेतृत्व की कमान किसी एक ऑफिसर के हाथों में होगी.

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ यानी (सीडीएस) थलसेना, नौसेना और वायु सेना के साथ मिलकर काम करेगा. पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस नई व्यवस्था से देश की ताकत और बढ़ेगी. उन्होंने कहा कि इससे सेना के तीनों अंगों को काम करने में भी आसानी होगी.

बता दें कि साल 2019 में करगिल की लड़ाई के बाद एक हाई लेवल कमेटी ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ नियुक्त करने की सिफारिश की थी. सीडीएस सीधे रक्षामंत्री को रिपोर्ट करेगा. फिलहाल भारत में चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी है. इसमें थल, जल और वायु तीनों के प्रमुख होते हैं. इनमें से जो भी सीनियर होता है वो एक चेयरमैन के तौर पर काम करते हैं. साल 2012 में नरेश चंद्र टास्ट फोर्स ने भी स्थायी चेयरमैन की सिफारिश की थी. अब पीएम मोदी ने इन सिफारिशों को मानते हुए सीडीएस की नियुक्त करने का ऐलान कर दिया है.

बता दें कि साल 2019 में करगिल की लड़ाई के बाद एक हाई लेवल कमेटी ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ नियुक्त करने की सिफारिश की थी. सीडीएस सीधे रक्षामंत्री को रिपोर्ट करेगा. फिलहाल भारत में चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी है. इसमें थल, जल और वायु तीनों के प्रमुख होते हैं. इनमें से जो भी सीनियर होता है वो एक चेयरमैन के तौर पर काम करते हैं. साल 2012 में नरेश चंद्र टास्ट फोर्स ने भी स्थायी चेयरमैन की सिफारिश की थी. अब पीएम मोदी ने इन सिफारिशों को मानते हुए सीडीएस की नियुक्त करने का ऐलान कर दिया है.

इस वक्त थल सेना के सेनाध्यक्ष जनरल बिपिन रावत हैं, जबकि एयर फोर्स के चीफ बीएस धनोआ हैं. इंडियन नेवी की कमान एडमिरल करमबीर सिंह संभाल रहे हैं. भारतीय संविधान के मुताबिक राष्ट्रपति तीनों सेनाओं के अध्यक्ष होते हैं. इनका कामकाज रक्षा मंत्री देखते हैं. चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ पर तीनों सेना प्रमुखों के बीच समन्वय बनाने की जिम्मेदारी होगी.

चीफ ऑफ डिफेंस फिलहाल यूनाइटेड किंगडम, श्रीलंका, इटली, फ्रांस सहित करीब दस देशों में है. अब भारत का भी इसमें नाम जुड़ गया है. अलग-अलग देशों में सीडीएस को अलग अलग पावर दिया जाता है.

## पूर्व भारतीय क्रिकेटर व कोच वीबी चंद्रशेखर ने की खुदकुशी



नईदिल्ली। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीबी चंद्रशेखर ने चेन्नई के मयलापुर के अपने घर में गुरुवार को खुदकुशी कर ली। उनका शव बेडरूम में सीलिंग फैन से लटका पाया गया। चंद्रशेखर 57 साल के थे। पहले चंद्रशेखर की मौत की वजह हार्ट अटैक बताई जा रही थी लेकिन पुलिस ने उनकी खुदकुशी की पुष्टि की है। क्रिकइंफो ने तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि तमिलनाडु के पूर्व बल्लेबाज चंद्रशेखर का छह दिन बाद 58वां जन्मदिन था। वीबी के निधन के बाद पूरे क्रिकेट जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी है।

जांच अधिकारी एस मुरुगन ने कहा कि चंद्रशेखर ने कोई सुसाइड नोट नहीं छोड़ा था। चंद्रशेखर की पत्नी ने कहा कि उन्होंने उनके कमरे का दरवाजा खटखटाया तो कोई आवाज नहीं आई। इसके बाद उन्होंने खिड़की से झांक कर देखा तो उनका शव पंखे से लटका पाया। पुलिस के मुताबिक, उनकी पत्नी ने कहा कि चंद्रशेखर क्रिकेट फ्रेंचाइजी के कारोबार मे घाटा होने की वजह से डिप्रेशन में थे। पुलिस के अनुसार, आत्महत्या करने का यह भी एक कारण हो सकता है।

चंद्रशेखर 1987-88 में दूसरी बार रणजी ट्रॉफी जीतने वाली तमिलनाडु क्रिकेट टीम के सदस्य थे। उन्होंने उस समय उत्तर प्रदेश के खिलाफ चर्टर फाइनल में 160 रन और रेलवे के खिलाफ फाइनल में 89 रन की पारी खेली थी।

## चिदंबरम ने मोदी के विजन को सराहा



नईदिल्ली (आरएनएस)। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पी. चिदंबरम ने शुक्रवार को जनसंख्या विस्फोट, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने और संपत्ति सृजित करने वालों का सम्मान करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन की सराहना की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री द्वारा की गई तीनों घोषणाओं का हम सभी को स्वागत करना चाहिए - छोटा परिवार रखना देशभक्ति वाला कर्तव्य है, संपत्ति सृजित करने वालों का सम्मान करें और सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करे।

पूर्व वित्त मंत्री ने कहा, मैं आशा करता हूं कि इन तीनों बातों में से वित्त मंत्री और उनके कर अधिकारियों और जांचकर्ताओं की टीम ने प्रधानमंत्री के दूसरे उद्बोधन को जोर से और स्पष्ट रूप से सुना होगा। जनसंख्या विस्फोट और सिंगल यूज प्लास्टिक के उन्मूलन के संदर्भ में चिदंबरम ने कहा, पहली और तीसरी उद्घोषणाएं लोगों के मूवमेंट का जरूर हिस्सा बननी चाहिए। सैकड़ों समर्पित स्वयंसेवक संगठन हैं जो स्थानीय स्तरों पर इन अभियानों की अगुवाई करने के लिए तैयार हैं।लाल किले की प्राचीर से मोदी के स्वतंत्रता दिवस भाषण के एक दिन बाद चिदंबरम की यह टिप्पणी सामने आई है। मोदी ने कहा था कि जनसंख्या विस्फोट हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए कई समस्याएं पैदा करेगा।

## आर्टिकल 370 पर याचिकाकर्ता को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार



नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका को लेकर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाई है। याचिकाकर्ता एमएल शर्मा को सीजेआई रंजन गोगोई ने याचिका में गलती होने पर फटकारा है। सीजेआई ने पूछा कि ये किस तरह की याचिका है, इसमें क्या फाइल किया गया है। याचिका लें और दूसरी याचिका दाखिल करें। जानकारी के लिए बता दें, अगर याचिकाकर्ता सुधार कर दोबारा याचिका दायर करते हैं तो इसपर सुनवाई अब अगले हफ्ते हो सकती है।

सुप्रीम कोर्ट में आज दो याचिकाओं पर सुनवाई की गई। पहली याचिका में अनुच्छेद 370 हटाए जाने का विरोध किया गया तो वहीं दूसरी याचिका में कश्मीर में पत्रकारों से सरकार का नियंत्रण हटाने की मांग की गई। पहली याचिका एमएल शर्मा ने डाली थी। इस याचिका में कहा गया था कि सरकार ने आर्टिकल 370 हटाकर मनमानी की है।

आर्टिकल 370 हटाने में सरकार ने संसदीय रास्ता नहीं अपनाया, राष्ट्रपति का आदेश असंवैधानिक है। एमल शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए सीजीआई ने फटकार लगाते हुए कहा कि ये किस तरह की याचिका है। मुझे समझ नहीं आ रही है। उन्होंने पूछा कि याचिकाकर्ता कैसी राहत चाहते हैं।

## आतंकवाद को पनाह और प्रोत्साहन देने वालों को बेनकाब करता रहेगा भारत: प्रधानमंत्री



नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देते हुए गुरुवार को कहा कि भारत आतंकवाद को समर्थन, पनाह और निर्यात करने वालों को बेनकाब करता रहेगा. मोदी ने कहा कि इस चुनौती से निपटने में इसके दृष्टिकोण में कोई अस्पष्टता नहीं है.

स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले से राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास डर फैलाने वाले और हिंसा का सहारा लेने वालों को सबक सिखाने के लिये स्पष्ट और कठोर नीति है.

उन्होंने कहा, भारत आतंकवाद फैलाने वालों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ता रहेगा. दुनिया के किसी भी हिस्से में आतंकवाद की कोई भी घटना मानवता के खिलाफ युद्ध है.

उन्होंने किसी देश का नाम लिये बिना कहा, यही कारण है कि भारत इस समस्या से निपटने के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करने के लिए आतंकवाद का समर्थन करने, शरण देने और निर्यात करने वालों को बेनकाब करने का प्रयास कर रहा है.

मोदी ने आतंकवाद से निपटने के लिये वैश्विक प्रयासों का आह्वान करते हुए बड़ी संख्या में विदेशी राजनयिकों की उपस्थिति में कहा कि भारत विश्व शांति के लिए अपनी भूमिका निभाता रहेगा और यह वैश्विक चुनौतियों के प्रति मूक दर्शक बनकर नहीं रह सकता.

मोदी ने अपने संबोधन में श्रीलंका में हुए आतंकी हमलों, बांग्लादेश और अफगानिस्तान का जिक्र करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का मकसद क्षेत्र में शांति और प्रगति सुनिश्चित करना है.

उन्होंने कहा, कुछ लोगों ने न सिर्फ आतंकवादक जरिये भारत को तबाह करने का प्रयास किया बल्कि हमारे पड़ोसियों बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान को भी निशाना बनाया. आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में हम पूरे क्षेत्र में शांति और प्रगति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहते हैं.

## भगोड़े मुस्लिम धर्मगुरु जाकिर नाईक की बढ़ी मुश्किलें

### » भड़काऊ बयान पर मलेशिया में होगी पूछताछ



नईदिल्ली (आरएनएस)। भारत से भागकर मलेशिया रह रहे मुस्लिम धर्म प्रचारक जाकिर नाइक की मुसीबतें बढ़ गई है। जाकिर नाइक पर मलेशिया में नस्लीय टिप्पणी देने के आरोप में मलेशिया सरकार उससे पूछताछ करेगी। इस सिलसिले में उसको समन भेजा जाएगा। बता दें कि भारत में भी जाकिर नाइक पर भड़काउ भाषण देने के साथ-साथ मनी लॉन्ड्रिंग का भी आरोप है जिसके बाद से वो मलेशिया में भागा फिर रहा है। भारत की तरफ से उसे प्रत्यर्पित करने की कोशिश हो रही है।

मलेशिया के गृह मंत्री मुहिद्दीन यासिन ने बताया कि चीनी शिक्षा समूह डोंग ज़ोंग को भी बुलाया जाएगा। मुहिदीन ने एक बयान में कहा है कि पुलिस ने कई अन्य व्यक्तियों को पूछताछ के लिए बुलाया था, जिनमें से कुछ पर नजर रखी जा रही है। पर्याप्त सबूत होने पर दंड संहिता की धारा 504 के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मलेशिया सरकार के कई मंत्रियों ने भी इस टिप्पणी पर ऐतराज जताया था। भारत में कथित आतंकी गतिविधियों और धनशोधन में वांछित विवादित मुस्लिम धर्म उपदेशक जाकिर नाइक द्वारा मलेशिया में रह रहे हिंदुओं को लेकर दिए गए सख्त आपत्ति जताते हुए मलेशियाई सरकार में मानव संसाधन मंत्री एम कुलासेगरन ने कहा था कि मलेशियाई हिंदुओं पर सवाल उठाने वाले जाकिर नाइक पर तुरंत एक्शन लिया जाए। भगोड़ा नाइक पिछले तीन साल से मलेशिया में रह रहा है।